# कार्यालय उत्तराखण्ड हार्टिकल्चर को–ऑपरेटिव फैडरेशन लिमिटेड, देहरादून।

पता–कार्यालय निबन्धक, सहकारी समितियां उत्तराखण्ड, देहरादून, मियाँवाला, निकट रेलवे क्रासिंग, देहरादून पिन– 248005

संख्या- 80/ दिनांक 27.05.2025

## विज्ञप्ति

उत्तराखण्ड हार्टिकल्चर को–ऑपरेटिव फैडरेशन लि0, देहरादून में निम्न पदों पर संविदा के आधार पर आवेदन पत्र नितान्त अस्थाई तौर पर आमंत्रित किये जाते है। रिक्त पदों पर चयन साक्षात्कार के माध्यम से किया जायेगा। अधिक जानकारी एवं विस्तृत विज्ञापन, नियम एवं शर्तें www.hortifed.org.in दिनांक 28.05.2025 से देखी जा सकती है। प्रारंभ में संविदा की अवधि 3 वर्ष की होगी, जो कि भविष्य में बढ़ाये जाने की संभावना है। विज्ञापन प्रकाशन तिथि– 28.05.2025 एवं आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 10.06.2025 सांय 05.00 बजे है। अंतिम तिथि के पश्चात् प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों पर किसी भी दशा में विचार नहीं किया जाएगा।

| क्र.सं. | पद का नाम | नियुक्ति का प्रकार | संख्या |
|---|---|---|---|
| 1. | सहायक प्रबन्धक, फसल पालन (Crop Husbandary) | संविदा | 01 |
| 2. | सहायक प्रबन्धक, कृषि विपणन, मूल्यवर्धन एवं प्रसंस्करण (Agri Markeiting , Value addition & processing ) | संविदा | 01 |
| 3 | सहायक प्रबन्धक, समाजिक जनजागृति (Social Mobilization) | संविदा | 01 |
| 4. | सहायक प्रबन्धक, विधि एवं लेखा (Law & Accounts) | संविदा | 01 |
| 5. | सहायक प्रबन्धक, सूचना प्रौद्योगिकी एवं प्रबन्धन सूचना प्रणाली (IT/MIS) | संविदा | 01 |

**प्रबन्ध निदेशक,**
उत्तराखण्ड हॉर्टीकल्चर को–ऑपरेटिव फैडरेशन लि0,
देहरादून।

# कार्यालय उत्तराखण्ड हार्टिकल्चर को-ऑपरेटिव फैडरेशन लिमिटेड, देहरादून।

पता–कार्यालय निबन्धक, सहकारी समितियां उत्तराखण्ड, देहरादून, मियाँवाला, निकट रेलवे क्रासिंग, देहरादून पिन–248005

पत्र संख्या-81/ दिनांक 27.05.2025

## विज्ञप्ति

उत्तराखण्ड हार्टिकल्चर को–ऑपरेटिव फैडरेशन लि0, देहरादून में निम्न पदों पर संविदा के आधार पर आवेदन पत्र नितान्त अस्थाई तौर पर आमंत्रित किये जाते है। रिक्त पदों पर चयन साक्षात्कार के माध्यम से किया जायेगा। अधिक जानकारी एवं विस्तृत विज्ञापन, नियम एवं शर्तें **www.hortifed.org.in** पर दिनांक 28.05.2025. से देखी जा सकती है। प्रारंभ में संविदा की अवधि 03 वर्ष की होगी, जो कि भविष्य में बढ़ाये जाने की संभावना है। विज्ञापन प्रकाशन की तिथि– 28.05.2025 एवं आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 10.06.2025 सांय 05.00 बजे है। अंतिम तिथि के पश्चात् प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों पर किसी भी दशा में विचार नहीं किया जाएगा।

| क्र.सं. | पद का नाम | नियुक्ति का प्रकार | पदो की संख्या | योग्यता | पारिश्रमिक /माह (रू0 में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सहायक प्रबन्धक फसल पालन (Crop Husbandary) | संविदा | 01 | **अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता–** विधि द्वारा स्थापित किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से कृषि/एग्रोनोमी/ हार्टिकल्चर एवं संबंधित विषय के साथ स्नातक।<br>**अधिमानी अर्हता–** कृषि एवं संबंधित विषय में स्नात्तकोत्तर /सहकारिता विभाग/सरकारी विभाग के साथ कार्य करने का अनुभव वाले अभ्यर्थियों को वरीयता दी जायेगी। | 25000/– |
| 2 | सहायक प्रबन्धक कृषि विपणन, मूल्यवर्धन एवं प्रसंस्करण (Agri Markeiting, Value addition & processing ) | संविदा | 01 | **अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता–** विधि द्वारा स्थापित किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से कृषि/कृषि विपणन/कृषि व्यापार/हार्टिकल्चर/एम0बी0ए0 एवं संबंधित विषय के साथ स्नातक।<br>**अधिमानी अर्हता–** कृषि एवं संबंधित विषय में स्नात्तकोत्तर/ सहकारिता विभाग/सरकारी विभाग के साथ कार्य करने का अनुभव वाले अभ्यर्थियों को वरीयता दी जायेगी। | 25000/– |
| 3. | सहायक प्रबन्धक समाजिक जनजागृति (Social Mobilization) | संविदा | 01 | **अविार्य शैक्षणिक योग्यता–** विधि द्वारा स्थापित किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से सामाजिक कार्य/समाजशास्त्र/ मानवशास्त्र/जर्नलिज्म एवं मास कम्यूनिकेशन में स्नातक।<br>**अधिमानी अर्हता–** उक्त क्षेत्रों में स्नात्तकोत्तर एवं सहकारिता विभाग/सरकारी विभाग के साथ कार्य करने का अनुभव वाले अभ्यर्थियों को वरीयता दी जायेगी। | 25000/– |
| 4. | सहायक प्रबन्धक, विधि एवं लेखा | संविदा | 01 | **अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता–** विधि द्वारा स्थापित किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से वाणिज्य में | 25000/– |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | (Law & Accounts) | | | स्नातक/स्नातकोत्तर अथवा स्नातक/स्नाकोत्तर में अर्थशास्त्र।<br><br>**अधिमानी अर्हता**– चार्टर्ड एकाउंटेन्ट/ एल0एल0बी0। | |
| 5. | सहायक प्रबन्धक, सूचना प्रौद्योगिकी एवं प्रबन्धन सूचना प्रणाली (IT/MIS) | संविदा | 01 | **अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता**– विधि द्वारा स्थापित किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से कम्प्यूटर साईस अथवा आई. टी. में प्रौद्योगिकी में स्नातक (B.Tech.) अथवा बी.सी.ए.।<br><br>**अधिमानी अर्हता**–M.Tech. अथवा एम0सी0ए0। | 25000/– |

**आवेदन पत्र भरने हेतु दिशा निर्देशः–**

1. उक्त पदो हेतु आवेदन पत्र का निर्धारित प्रारूप संघ की वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है।
2. समस्त अभ्यर्थियों को आवेदन पत्र भेजे जाने वाले लिफाफे के ऊपर अपना नाम एवं आवेदित पद का नाम लिखना अनिवार्य है।
3. अभ्यर्थी की आयु 21 वर्ष–42 वर्ष तक। (आयु गणना की निश्चायक तिथि 01 अप्रैल 2025 है।)
4. आवेदन पत्र प्रेषित करने से पूर्व समस्त अभ्यर्थी पद के विरूद्ध अनिवार्य शैक्षणिक योग्याता एवं अनुभव को भली भांति पढ़ लें।
5. आवेदन पत्र के साथ सभी वांछित शैक्षणिक योग्यता, उम्र एवं अनुभव से सम्बन्धित स्व–अभिप्रमाणित दस्तावेजों को आवेदन पत्र के साथ प्रेषित करना अनिवार्य है, ऐसा न करने की दशा में अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जाएगा।
6. सभी अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि आवेदन पत्र पूर्ण शुद्धता एवं सही जानकारियों के साथ भरना सुनश्चित करें। आवेदन पत्र को पूर्ण रूप से भरना अनिवार्य है। अधूरे एवं गलत प्रारूप में भरे आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।
7. सभी अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि आवेदन पत्र की एक प्रति अपने संदर्भ हेतु सुरक्षित रख लें।
8. आवेदन पत्र भरने वाले समस्त अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे आवेदन पत्र इस प्रकार प्रेषित करें कि वे अंतिम तिथि से पूर्व कार्यालय को प्राप्त हो जाएं। डाक में बिलम्ब होने की जिम्मेदारी कार्यालय की नहीं होगी। अंतिम तिथि के पश्चात प्राप्त होने वाले समस्त आवेदन पत्रों को चयन प्रक्रिया में सम्मिलित नहीं किया जाएगा।
9. एक से अधिक पद हेतु आवेदन भरने की दशा में प्रत्येक पद हेतु पृथक से आवेदन पत्र भरना अनिवार्य है। एक ही आवेदन पत्र में एक से अधिक पदों हेतु आवेदन करने पर अभ्यर्थी का आवेदन निरस्त कर दिया जाएगा।

**नियम एवं शर्तें–**

1. आवेदक भारत का नागरिक हो अथवा तिब्बती शरणार्थी हो, जो भारत में स्थायी निवास के आशय से 01 जनवरी सन् 1962 ई० से पूर्व भारत आया हो।
2. चरित्र– यदि अभ्यर्थी का कार्य–व्यवहार उचित नही पाया जाता है, तो उनका अभ्यर्थन निरस्त कर उनके विरुद्ध सम्यक कार्यवाही की जाएगी।
3. वैवाहिक प्रास्थिति –किसी पद पर नियुक्ति के लिए ऐसा पुरुष अभ्यर्थी पात्र न होगा, जिसकी एक से अधिक पत्नी जीवित हों या ऐसी महिला अभ्यर्थी पात्र न होगी, जिसने ऐसे पुरुष से विवाह किया हो, जिसकी पहले से एक पत्नी जीवित हो ।
4. संविदा के आधार पर भरे जाने वाले समस्त पदों के विरूद्ध नियुक्ति नितान्त अस्थाई तौर पर की जा रही है, किसी भी आवेदन द्वारा नियमित नियुक्ति का दावा स्वीकार नही किया जाएगा।
5. अभ्यर्थी के सेवायें पद के अनुरूप संतोषजनक अथवा पेशेवर न पाए जाने की दशा में अनुबन्ध की अवधि कभी भी एक माह के नोटिस देते हुए समाप्त की जा सकती हैं। इस सम्बन्ध में प्रबन्ध निदेशक अथवा शासन द्वारा नियुक्ति प्राधिकारी का निर्णय अंतिम होगा और वह दोनों पक्षों को मान्य होगा।
6. साक्षात्कार में सफल होने वाले अभ्यर्थियों के साथ प्रमतया 3 वर्ष हेतु अनुबन्ध हस्ताक्षरित किया जाना प्रस्तावित है। अभ्यर्थी के सेवायें संतोषजनक पाए जाने एवं आवश्यकतानुसार अनुबन्ध आगे भी बढ़ाया जा सकता है, यदि पूर्व में समाप्त न कर दिया हो।

7. पदों की संख्या में आवश्यकतानुसार कम या अधिक की जा सकती है। सक्षम प्राधिकारी द्वारा विज्ञापन में किसी भी प्रकार का पूर्ण अथवा आंशिक संशोधन बिना किसी कारण बताए बदलने का अधिकार सुरक्षित होगा।
8. चयन प्रक्रिया अनिवार्य / वांछित शैक्षणिक योग्यता, पेशेवर अनुभव, साक्षात्कार के माध्यम से किया जाएगा। आवश्यकता पड़ने पर लिखित परीक्षा भी आयोजित की जा सकती है।
9. जिन पदों में टंकण अनिवार्य योग्यता के रूप में वर्णित है। उनकी टंकण की परीक्षा पृथक से आयोजित की जाएगी।
10. कार्यानुभव की दशा में प्रासंगित अनुभव की गणना पद के अनुरूप अनिवार्य शैक्षणित योग्यता धारण के उपरान्त की जाएगी।
11. किसी भी विवाद की दशा में न्यायिक क्षेत्र देहरादून होगा।
12. भविष्य में किसी भी प्रकार का पत्राचार ई–मेल के माध्यम से किया जाएगा। समस्त आवेदकों से अनुरोध किया जाता है कि वे आवेदन पत्र में दी गयी अपनी ई–मेल को नियमित रूप से जांचते रहे।
13. शार्टलिस्ट के उपरान्त पाए गए अर्ह अभ्यर्थियों को पृथक से ई–मेल के माध्यम से सूचित किया जाएगा।
14. साक्षात्कार में सम्मिलित होने के लिए आवेदकों को किसी प्रकार का यात्रा भत्ता/दैनिक भत्ता प्रदान नहीं किया जाएगा।
15. सफल अभ्यर्थियों को योगदान देने की सूचना पृथक से प्रेषित की जाएगी।
16. सभी इच्छुक अभ्यर्थियों को वेबसाईट में दिए गए आवेदन पत्र के प्रारूप में आवेदन करना अनिवार्य है, निर्धारित प्रारूप में आवेदन न करने की दशा में अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जाएगा। यदि कोई भी अभ्यर्थी अपने बारे में अधिक जानकारी देना चाहता है तो वह आवेदन पत्र के साथ अपना बायोडाटा प्रेषित कर सकता है
17. कार्यालय में आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 10.06.2025 है।

प्रबन्ध निदेशक,
उत्तराखण्ड हॉर्टीकल्चर को–ऑपरेटिव फैडरेशन लि0,
देहरादून।

# कार्यालय उत्तराखण्ड हार्टिकल्चर को–ऑपरेटिव फैडरेशन लिमिटेड, देहरादून।

पता–कार्यालय निबन्धक, सहकारी समितियां उत्तराखण्ड, देहरादून, मियाँवाला, निकट रेलवे क्रासिंग, देहरादून पिन– 248005

संख्या- 80/ दिनांक 27.05.2025

## विज्ञप्ति

उत्तराखण्ड हार्टिकल्चर को–ऑपरेटिव फैडरेशन लि0, देहरादून में निम्न पदों पर संविदा के आधार पर आवेदन पत्र नितान्त अस्थाई तौर पर आमंत्रित किये जाते है। रिक्त पदों पर चयन साक्षात्कार के माध्यम से किया जायेगा। अधिक जानकारी एवं विस्तृत विज्ञापन, नियम एवं शर्तें www.hortifed.org.in दिनांक 28.05.2025 से देखी जा सकती है। प्रारंभ में संविदा की अवधि 3 वर्ष की होगी, जो कि भविष्य में बढ़ाये जाने की संभावना है। विज्ञापन प्रकाशन तिथि– 28.05.2025 एवं आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 10.06.2025 सांय 05.00 बजे है। अंतिम तिथि के पश्चात् प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों पर किसी भी दशा में विचार नहीं किया जाएगा।

| क्र.सं. | पद का नाम | नियुक्ति का प्रकार | संख्या |
|---|---|---|---|
| 1. | सहायक प्रबन्धक, फसल पालन (Crop Husbandary) | संविदा | 01 |
| 2. | सहायक प्रबन्धक, कृषि विपणन, मूल्यवर्धन एवं प्रसंस्करण (Agri Markeiting , Value addition & processing ) | संविदा | 01 |
| 3 | सहायक प्रबन्धक, समाजिक जनजागृति (Social Mobilization) | संविदा | 01 |
| 4. | सहायक प्रबन्धक, विधि एवं लेखा (Law & Accounts) | संविदा | 01 |
| 5. | सहायक प्रबन्धक, सूचना प्रौद्योगिकी एवं प्रबन्धन सूचना प्रणाली (IT/MIS) | संविदा | 01 |

**प्रबन्ध निदेशक,**
उत्तराखण्ड हॉर्टीकल्चर को–ऑपरेटिव फैडरेशन लि0,
देहरादून।